C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:35 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:18 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 112 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 21 अक्टूबर 2024

जाते-जाते भी दर्शकों को प्रेम...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### बहुत खराब श्रेणी में दिल्ली की हवा, कोहरा छाया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार बहुत खराब श्रेणी में रखा गया है। दिल्ली के कई इलाकों में में कोहरे की परत छा गई है। कूरपुर और आसपास के इलाकों में कोहरे की परत छा गई है, क्योंकि एक्यूआई गिरकर 346 पर पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार बहुत खराब श्रेणी में रखा गया है। वहीं, यमुना नदी पर जहरीला झाग तैरता देखा गया, क्योंकि नदी में प्रदूषण का स्तर लगातार उच्च बना हुआ है। इंडिया गेट और आसपास के इलाकों में कोहरे की परत छा गई, क्योंकि एक्यूआई गिरकर 309 पर पहुंच गया। जिसे बहुत खराब श्रेणी में रखा गया है। एक्यूआई 307 के साथ बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है, जिससे अक्षरधाम मंदिर और आसपास के इलाकों में कोहरा छाया हुआ है।

### दहशतः दिल्ली में 13 साल बाद हुआ ब्लास्ट

**नई दिल्ली।** रोहिणी स्थित प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह हुए धमाके ने एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में बीते 13 साल बाद इस तरह का धमाका हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों ने पांच घंटे तक घटनास्थल की जांच की। इससे पहले सितंबर 2011 में दिल्ली हाईकोर्ट में धमाका हुआ था जिसमें 11 लोगों की मौत हुई थी। वहीं जनवरी 2022 में गाजीपुर फूल मंडी के गेट पर बैग में आईईडी विस्फोटक बरामद हुआ था। जिसे एनएसजी की बम निरोधक दस्ता की टीम एक बड़ा गड्ढा कर उसमें बम को निष्क्रिय कर दिया था। जांच में सामने आया था कि बम को बनाने में आरडीएक्स और अमोनियम नाइट्रेट के साथ ही छर्रे का इस्तेमाल किया गया था। वहीं दिसंबर 2023 में इजराइली दूतावास के बाहर भी धमाका हुआ था, लेकिन उसमें कोई हताहत नहीं हुआ था। रोहिणी में हुए धमाके के मामले में अभी सुरक्षा एजेंसियों की ओर से यह नहीं बताया गया है कि यह ब्लास्ट आतंकी साजिश है या कुछ और। जांच रिपोर्ट से यह पता चलेगा कि धमाके में कौन से केमिकल व विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया।

## लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाकर टॉप छह राज्यों में शुमार हुई उत्तराखंड भाजपा

**देहरादून** हमारे संवाददाता

अभियान में प्रदेश के नौ जिलों ने अपने सदस्यता अभियान के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। जिनमें उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, पौड़ी, देहरादून महानगर, हरिद्वार, चमोली, पिथौरागढ़, टिहरी एवं कोटद्वार शामिल हैं। सदस्यता अभियान के तहत उत्तराखंड भाजपा ने लक्ष्य से अधिक सदस्य बना लिए हैं। प्रदेश भाजपा 20 लाख 17 हजार 397 सदस्य बनाकर शीर्ष छह राज्यों में शुमार हो गई है। पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने



संगठन पर्व में प्राथमिक सदस्यता अभियान की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने दो से 25 सितंबर तक संचालित प्रथम और 16 से 31 अक्तूबर तक के दूसरे चरण की जानकारी में हासिल रिकॉर्ड आंकड़ों की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि राज्य के प्रथम गांव से महानगर तक, घरेलू से कामकाजी महिला तक, मजदूर से मालिक तक, किसान से सैनिक तक, गरीब से करोड़पति तक पार्टी ने सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी एवं सर्वग्राही सदस्यता अभियान पार्टी ने चलाया है। इस अभियान में प्रदेश के नौ जिलों ने अपने सदस्यता अभियान के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। जिनमें उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, पौड़ी, देहरादून महानगर, हरिद्वार, चमोली, पिथौरागढ़, टिहरी एवं कोटद्वार शामिल हैं। वहीं 10 ऐसी विधानसभाएं हैं, जहां लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिले कुल मतों से अधिक संख्या में सदस्य बनाए गए हैं। जिसमें अल्मोड़ा, टिहरी, देहरादून कैंट, पुरोला, श्रीनगर, यमुनोत्री, गंगोत्री, हल्द्वानी, हरिद्वार और डीडीहाट शामिल है। विधानसभा क्षेत्र की दृष्टि से देखें तो 23 विधानसभा ऐसी हैं जहां पार्टी ने सदस्यता के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त किया है। वहीं 44 विधानसभाओं ने भी 50 से 100 फीसदी के मध्य लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। शेष में 47 फीसदी लक्ष्य हासिल किया है। आयु वर्ग के आधार पर 58 फीसदी युवा, 39 फीसदी मध्यम वर्ग और 3 फीसदी वरिष्ठ नागरिकों ने भाजपा के विचारों में विश्वास जताया है।

### उमर सरकार के बनते ही दूसरा आतंकी हमला

## गांदरबल में देर रात सात लोगों की गोली मारकर हत्या

**जम्मू** एजेंसी

घटना के बाद मिली सूचना पर मौके पर पहुंची सुरक्षाबलों की टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है। गांदरबल में सोनमर्ग के पास गगनगीर इलाके में जेड मोड़ सुरंग निर्माण कर रही कंपनी में कार्यरत मजदूरों पर रविवार की रात आतंकियों ने हमला कर दिया।

हमले में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य मजदूर घायल हुए हैं। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्कर-ए-ताइबा के सहयोगी संगठन द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। मध्य कश्मीर के गांदरबल में गगनगीर गुंड इलाके में आतंकियों ने सुरंग बना रही कंपनी एप्को के कर्मियों के कैंप पर पहुंचकर अंधाधुंध फायरिंग की। हमला होते ही कर्मचारियों में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। चीख पुकार मच गई। हमले में एक डॉक्टर समेत सात लोगों की मौत हुई है। घटना की सूचना मिलते



ही सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर पूरे इलाके को घेर कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है ताकि हमले में शामिल आतंकियों को मार गिराया जा सके। सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने प्रवासी मजदूरों से घटना के बारे में जानकारी हासिल की है। घटना के बाद पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है। प्रवासी मजदूरों के कैंप पर भी अतिरिक्त फोर्स की तैनाती कर दी गई है। वाहनों की तलाशी भी ली जा रही है। ज्ञात हो कि शुक्रवार को आतंकियों ने बिहार के मजदूर की शोपियां में गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोलियों से छलनी उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला था। इस घटना के विरोध में नागरिक समाज तथा कॉलेज के छात्रों ने शनिवार को विरोध मार्च निकालकर शांति की अपील की थी। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं ने घटना की निंदा की थी। गगनगीर में गैरस्थानीय मजदूरों पर कायरतापूर्ण हमले की बेहद दुखद खबर है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैं गगनगीर में नागरिकों पर हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं।

## बरेली से आ रहे दंपती समेत तीन तस्कर से तीन करोड़ की स्मैक पकड़ी, गिरफ्तार

**रुद्रपुर** हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**
- तीन साल में 30 किलोग्राम स्मैक सप्लाई कर चुका है

बरेली का एक आरोपी काशीपुर निवासी दंपती को स्मैक सप्लाई करता था। वह अब तक जिले में तीन साल में 30 किलोग्राम स्मैक सप्लाई कर चुका है।

उत्तराखंड के रुद्रपुर में पुलभट्टा पुलिस ने दंपती सहित तीन स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। तीनों के कब्जे से एक किलो 58 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के अनुसार, पकड़ी गई स्मैक की कीमत करीब तीन करोड़ है। इनमे एक आरोपी शानू निवासी फतेहगंज पश्चिमी बरेली, काशीपुर निवासी दंपती खुर्शीद और आसमा को स्मैक सप्लाई करता था। शानू अब तक जिले में तीन साल में 30 किलोग्राम स्मैक सप्लाई कर चुका है। तीनों लोग वेगनार कार से बरेली से जिले में आ रहे थे। इस दौरान चेकिंग के समय पूछताछ में तीनों को स्मैक के साथ पकड़ा गया।



## वाराणसी में ट्रेन से कटकर मां-बच्चे की मौत, दर्दनाक हादसे में दो लोग घायल

**हल्द्वानी** हमारे संवाददाता

दर्दनाक हादसे की सूचना पाकर मौके पर बड़ागांव थाना की पुलिस पहुंच गई। लाश को कब्जे में लेने के साथ ही घायलों को अस्पताल भेजा गया।

यहां से डॉक्टर ने बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वाराणसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र के पूरबपुर (बीरापट्टी) में अपलाइन (बीरापट्टी) रेलवे स्टेशन से बाबतपुर रेलवे स्टेशन की तरफ) रेलवे ट्रैक पर एक महिला और एक बच्चे की ट्रेन से कटकर मौत हुई है। एक आदमी और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल थे जिन्हें एंबुलेंस से दीनदयाल भेजा गया, वहां से बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि शाम करीब सात बजे स्थानीय लोगों ने रेलवे लाइन पर डेड बॉडी देख उसके बाद पुलिस को सूचना दे दिया। इस दौरान रेलवे लाइन पर एक पुरुष और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल पड़े हुए थे जिनको एंबुलेंस से स्थानीय लोगों ने अस्पताल भिजवाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद करीब सवा सात बजे मरुधर एक्सप्रेस पहुंची। उसके बाद मरुधर एक्सप्रेस को वहीं पर रोक दिया गया। खबर लिखे जाने तक मरुधर एक्सप्रेस रुकी हुई है और यात्री परेशान हैं। घटनास्थल पर बड़ागांव थाने की पुलिस और बाबतपुर रेलवे स्टेशन की जीआरपी पहुंची हुई है।

फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया जा रहा है। डेड बॉडी लाइन से किनारे करवाने के बाद मरुधर एक्सप्रेस को रवाना करने का प्रयास चल रहा है। दीनदयाल में पहुंचने के बाद घायल अपना नाम टीटू निवासी नहिया थाना चोलापुर बताया। जो बच्चा घायल है उसका नाम शुभम बताया जा रहा है।

## कांग्रेस की जनाक्रोश रैली, कुमाऊं कमिश्नर कार्यालय का घेराव किया

**नैनीताल** हमारे संवाददाता

नैनीताल में कांग्रेस की जन आक्रोश रैली के लिए भारी संख्या में प्रदेशभर से लोग पहुंचे। पंत पार्क में सभा सम्बोधन के बाद रैली माल रोड होते हुए तल्लीताल पहुंचेगी जहां कमिश्नर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। रैली में प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कपाड़िया, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, हरियाणा के विधायक व उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी हरेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह कुंजवाल, हरीश दुर्गापाल, सहित प्रदेश के नामी गिरामी विधायक सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मल्लीताल पंत पार्क में जनसभा को संबोधित करते हुए कारण महरा ने कहा कि प्रदेश में त्राहिमाम हो रहा है किसान परेशान है कोई अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर परेशान है। सरकार लगातार अपने नेताओं को बचाने का कार्य कर रही है कभी पेपर लीक, कभी भर्ती



घोटाला से प्रदेश में हालात बद से बत्तर हो गए है। यशपाल आर्य ने कहा कि आज नैनीताल में हम कुमाऊं के प्रमुख विषयों को लेकर रैली कर रहे हैं आज कमिश्नरी का घेराव किया जाएगा गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों के घरों तबकों को ध्वस्त किया जा रहा है। हम आगे भी अन्य जगहों पर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करेंगे। हमारे राज्य निर्माणकारी, राज्य आंदोलनकारियो के सपनों को हम पूरा करना चाहते हैं। कट सिंह ने कहा कि सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते जनता में काफी आक्रोश है और आज के जन सैलाब से यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, डॉ. नैन सिंह पाल, जसपुर विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक खटीमा गोपाल सिंह राणा,हल्द्वानी विधायक सुमित हरदेश, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष सचिन नेगी, राजेंद्र सिंह कनवाल, पूर्व छात्र नेता डॉ सुरेश डालाकोटी, प्रदेश किसान संघ अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, पूर्व जिलाबार एसोसिएशन अध्यक्ष हरीश शंकर कंसल, मनमोहन सिंह मनराल, पूर्व विधायक जीत राम, लालकुआं विधायक, हरीश दुर्गापाल, रानीखेत विधायक मनोज तिवारी, हरीश पनेरू, महिला जिला अध्यक्ष, खष्टी बिष्ट,डॉ. सरस्वती खेतवाल, महिला उपाध्यक्ष जया कर्नाटक, उषा जोशी, पूर्व अध्यक्ष केलाखेड़ा हामिद अली, नावेद, अमन, मनोज तिवारी, त्रिभुवन फतियाल, व्यापार मण्डल अध्यक्ष मल्लीताल किशन नेगी, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस मेहता, अनिल निगाडी, कमलेश, गणेश उपाध्याय, नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल, भावना बिष्ट, मुकेश जोशी मंटू, सैयद नईम मून, गोपाल बिष्ट, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, रईस, पीके शर्मा, कुंदन सिंह, गिरीश पपने, पूर्व हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवतार सिंह, रुचिर साह, राजेंद्र व्यास, पूर्व चेयरमैन नहर हल्द्वानी हेमंत बगड़वाल,मुन्नी तिवारी, सपना बिष्ट, इकबाल सिद्दीकी, परवेज आलम, विनोद कुमार, सुहेल सिद्दीकी, सुहेल अहमद, रईस अहमद सिद्दीकी, मंच संचालन जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, सतीश नैनवाल द्वारा किया गया।

# धामी ने लालकुआं-बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन को दी हरी झण्डी

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा कैंची धाम के आशीर्वाद से आज लालकुंआ से बांद्र के मध्य ट्रेन संचालन का स्वप्न पूरा हुआ है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। इन्होंने कहा कि इस ट्रेन के संचालन से रामपुर, मुदादाबाद, गाजियाबाद, हजरत निजामुदीन, मथुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, वडोदरा सूरत जैसे रेलवे स्टेशन से जुड़े लोगों को को यात्रा करने का आसानी से विकल्प मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लालकुआं-बांद्रा रेल सेवा शुरू होने से बाबा कैंची धाम, जागेश्वर और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा का एक बेहतर विकल्प मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारतीय रेल के स्वर्णिम युग की ओर आगे बढ़ रहे हैं। आत्मनिर्भरता और आधुनिकता के



प्रतीक के रूप में वंदेभारत जैसी मेड इन इंडिया ट्रेन, रेल नेटवर्क का हिस्सा बनी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्र सरकार के सहयोग से पहाड़ तक ट्रेन पहुंचने का स्वप्न ॠषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन बनने के साथ ही पूर्ण हो जायेगा। टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन पर भी सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है, जल्द ही इसमें भी कार्य शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्त्राखण्ड से काशी, अयोध्या और अन्य प्रमुख शहरों के लिए रेल सेवा के और विस्तार के लिए प्रयास किये जायेंगे। आज हमारी डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतार रही है।

प्रदेश की देवतुल्य जनता के सहयोग से उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि यहां के लोगों की यह बहुत पुरानी मांग थी कि लालकुआं से मुंबई को सीधे रेल सेवा सुचारू हो, जो आज पूर्ण हुई है।

इसके रेल सेवा के संचालन से पूरे कुमाऊं क्षेत्र के लोगों के साथ ही यहां के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के दर्शनार्थियों व पर्यटकों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब सप्ताह में तीन रेल गाड़ियां रामनगर, हल्द्वानी और अब लालकुआं से मुम्बई के लिए जा रही हैं, जिसका लाभ यहां के पर्यटक क्षेत्रों को भी मिलेगा। लालकुआं बान्द्रा टर्मिनल के मध्य नई ट्रेन सं0 22544 सोमवार को लालकुआ से सुबह 07:45 बजे प्रस्थान कर रूद्रपुर सिटी, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, कोटा, बडोदरा, सूरत होते हुए हुए अगले दिन मंगलवार को प्रात: 08:30 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी तथा वापसी में बान्द्रा टर्मिनस से सुबह 11:00 बजे मंगलवार को प्रस्थान कर लालकुओं अगले दिन बुधवार 13:15 बजे लालकुओं पहुंचेगी । इस गाड़ी में यात्रियों की सुविधा के लिए 2 एसी के 01 कोच, 3 एसी के 02 कोच, एसी इकोनॉमी श्रेणी के 03 कोच तथा स्लीपर क्लास के 06 कोच, सामान्य श्रेणी के 04. कोच से संचालित होगी। इस गाड़ी में सभी कोच एलएचबी के लगाये गये हैं जो कि यात्रियों के लिए सुविधाजनक एवं संरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त हैं।

इस अवसर पर विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन दुमका, जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, दीप कोश्यारी और डी.आर.एम रेखा यादव उपस्थित थे।




## महिलाओं ने चांद की पूजा अर्चना की



**नैनीताल।** देर शाम 7 बजकर 55 मिनट पर चंद्रमा के आने के बाद सुहागिन महिलाओं ने अपना व्रत तोड़ा। चंद्रमा को देखने के लिए नगर के हल्द्वानी मार्ग में जगह-जगह पर महिलाओं की भीड़ लगी हुई थी। जैसे ही चंद्रमा निकला, उसके बाद सुहागिन महिलाओं ने चांद की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना करने के बाद महिलाओं ने अपना उपवास तोड़ा। सात नंबर निवासी दीपा पांडे ने बताया कि वह पिछ्ले 21 सालों से व्रत रख रहीं हैं। शिक्षक हिमांशु पांडे ने बताया कि पत्नी के उपवास के साथ साथ वह भी पिछ्ले 21 सालों से उपवास रख रहें हैं। इससे उन्हें बड़ा आनंद मिलता है। देर रात्रि तक हल्द्वानी मार्ग में चंद्रमा देखने के लिए महिलाओं की काफी भीड़ जुटी हुई थी। जिससे इस मार्ग में जाम की स्थिति भी बनी रही।



# हाईकोर्ट बार सभाकक्ष में व्याख्यान का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

वी द लॉयर्स नाम के अधिवक्ता समूह ने शनिवार को हाईकोर्ट बार सभाकक्ष में व्याख्यान का आयोजन किया जिसे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. आदित्य सोंधी ने संबोधित किया।

वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. आदित्य सोंधी सुप्रीम कोर्ट और कर्नाटक उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। उनका विधि के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। वे कर्नाटक के अतिरिक्त महाधिवक्ता रह चुके हैं। डॉ. सोंधी एक कुशल वक्ता और विद्वान हैं और उन्होंने भारत और विदेशों में व्याख्यान दिए हैं। फ रवरी 2021 में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नति के लिए अनुशंसित किया था। डॉ. सोंधी ने इस दौरान वकीलों और छात्रों के साथ बातचीत की और रिट क्षेत्राधिकार और इसके प्रारूपण के बारे में चर्चा की। सत्र में कई वकील और छात्र शामिल हुए जिनमें डॉ. कार्तिकेय हरि गुप्ता, शक्ति सिंह, सौरभ अधिकारी, कमलेश तिवारी, चंद्रशेखर जोशी, गौरव कुमार, स्वालेहा हुसैन तथा रोहित कक्कड़ शामिल थे।

# निबन्ध प्रतियोगिता में 25 स्कूलों के 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

वर्ष 1992 से लगातार हो रही नैनीताल समाचार की निबन्ध प्रतियोगिता रविवार को नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कालेज में हुई।

बता दें कि प्रतियोगिता का यह तीसवाँ संस्करण था, वर्ष 2016 में तथा 2020-2021 में कोविड के कारण प्रतियोगिता नहीं हो पायी थी। यह प्रतियोगिता नैनीताल बैंक के आर्थिक सहयोग से की जाती है। प्रतियोगिता में लगभग 25 स्कूलों के 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में नैनीताल नगर के अतिरिक्त भवाली, भीमताल, ज्योलीकोट एवं पटवाडांगर के स्कूलों के बच्चों ने पूरे उत्साह से अपने गणवेश में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग (कक्षा 10 व 11 एवं 12) के लिए विषय था हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई- आपस में सब भाई-भाई जबकि मध्यम वर्ग (कक्षा 7, 8 एवं 9 ) का विषय था कैसा हो हमारा शहर नैनीताल जबकि कनिष्ठ वर्ग ( कक्षा 4, 5 एवं 6) के लिए विषय था आप क्या खेलना पसंद करते हैं? प्रतियोगिता को सफ ल बनाने में नैनीताल समाचार के संपादक राजीव लोचन साह समेत विनोद पांडे, पवन राकेश, जय जोशी, दिनेश उपाध्याय, दीप पंत, अरुण रौतेला, विनीता यशस्वी, प्रताप सिंह खाती, श्रुति पंत बनर्जी, हरीश पाठक, भारती जोशी, श्याम लाल, कंचन सिंह कुरिया, अयन राज बजाज, योगेश पन्त, डा. उमा भट्ट, डॉ. शीला रजवार, विनीत फुलारा, कुलवन्त सिंह, उमेश तिवारी विश्वास तथा कुंदन सिंह के अतिरिक्त सीआरएसटी इंटर कॉलेज के गुरुजनों क्रमश: राजेश कुमार तथा डा. सोबन सिंह बिष्ट आदि ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में अत्यधिक सहयोग प्रदान किया।



## NEWS / फटाफट

### नीरज को युवा मोर्चा में मण्डल उपाध्यक्ष का दायित्व दिया



नैनीताल। भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान के अंतर्गत सांसद (पूर्व पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री ) अजय भट्ट तथा विधायक सरिता आर्य के नेतृत्व में छात्र युवा नेता नीरज कन्याल निवासी धोभीघाट को पार्टी की सदस्यता दिलाई एवं युवा मोर्चा में मण्डल उपाध्यक्ष का दायित्व दिया। जिसमे मण्डल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, वरिष्ठ नेता अरविंद पड़ियार, महामंत्री मोहित शाह, युवा मोर्चा अध्यक्ष आशु उपाध्याय, नितिन कार्की, गोपाल रावत , रितुल कुमार, शांति मेहरा, मारूती शाह आदि उपस्थित रहे।

### ऊर्जा निगम ने दीपावली के लिए बिजली व्यवस्था की तैयारी

**नैनीताल।** दीपावली में बिजली व्यवस्था की तैयारी के लिए वितरण उपखण्ड के अन्तर्गत सूखाताल से मेहरागाँव निकलने वाले 33 केवी फीडरों में मरम्मत काम और गार्डनिंग होने के कारण सुबह 10 बजे से शाम 2 बजे तक 4 घंटे शटडाउन लिया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े इसलिए सभी कनेक्शनों को लिंक लाइन से जोड़कर बिजली आपूर्ति सुचारु की जा रही है। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता एसके सहगल ने बताया कि दीपावली में बिजली व्यवस्था बनाने के लिए फिडरो में मरम्मत कार्य किया जा रहा है।जिस चलते सुबह 10 बजे से 2 बजे तक मैन लाइन को शट डाउन कर दिया जा रहा है,और बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए लिंक लाइन का उपयोग किया जा रहा है।

### पति पर लगाया दहेज प्रताड़ना करने का आरोप

**हल्द्वानी।** विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कुंवरपुर गौलापार निवासी हंसी बिष्ट पुत्री बलवंत सिंह बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह 24 जनवरी 2022 को हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार आदर्श नगर मुखानी गली नं0 4, थाना मुखानी निवासी आनन्द सिंह बिष्ट पुत्र लक्ष्मण सिंह बिष्ट के साथ हुआ था। शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा खर्च किया था। उसका पति पहले से ही तलाकशुदा था। जिसके जानकारी उसने परिजनों को दी थी। महिला का कहना है कि शादी के कुछ दिन बाद वह शराब पीकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। जिस पर उसके ससुर लक्ष्मण सिंह बिष्ट अपने पुत्र. को डांटने भी थे। जिस कारण से वह अपने पति की शिकायत अपने मायके वालों से नहीं करते थे। 9 नवंबर 2022 को उसके सुसर का देहांत हो गया। इसके बाद उसका पति उसे गाजियाबाद लेकर गया लेकिन इसके बाद भी उसका व्यवहार नहीं बदला। महिला ने अपने पति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-**संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अंतरिक्ष मौसम पर विज्ञानियों के बीच गहन मंथन



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सौरचक्र में परिवर्तनशीलता व विस्फोटित सूर्य के रहस्य समझने के लिए एरीज में देश विदेश के विज्ञानी शामिल हुए। सौर सक्रियता के दौरान अंतरिक्ष मौसम को समझने व सटीक पूर्वानुमान को गहन मंत्रणा हुई। रविवार को एरीज सभागार में आयोजित सम्मेलन में 70 विज्ञानी शामिल हुए।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के निदेशक व सौर विज्ञानी प्रो दीपांकर बनर्जी ने कहा कि सौर चक्र परिवर्तनशीलता व अंतरिक्ष मौसम को समझ पाना बेहद जरूरी है। वर्तमान में सूर्य बेहद सक्रिय है और विस्फोटित होकर सौरमंडल में पृथ्वी समेत दूसरे ग्रहों पर असर डाल रहा है। अंतरिक्ष मौसम हमारे संचार माध्यमों को प्रभावित करता है। सौर धब्बे भीषण सौर घटनाओं के स्त्रोत इन दिनों सूर्य की सतह पर पटे हुए हैं। जिनमें सौर ज्वालाए उठ रही हैं। इनसे उत्पन्न होने वाला अंतरिक्ष मौसम हमारे भू-चुंबकीय क्षेत्र और पृथ्वी पर संचार प्रणालियों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर रहा है। वर्तमान में उच्च सौर गतिविधि हो रही हैं। 10 मई और 11 अक्टूबर को दुनिया भर में ऐतिहासिक रंग बिरंगी आरोरा देखे गए। भारतीय खगोलीय वेधशाला हानले में भी इसका असर देखा गया। सौर घटनाओं को समझने के लिए यह अच्छा अवसर है। जिसका सदपयोग बेहद जरूरी है। इससे अंतरिक्ष मौसम को समझने व पूर्वानुमान को लेकर अच्छी समझ पैदा की जा सकती है। सम्मेलन में विज्ञानियों ने सूर्य सक्रियता को लेकर महत्वपूर्ण विचार रखे और कहा कि सौर परिवर्तनशीलता की हमारी समझ को बढ़ाने और पूर्वानुमान क्षमताओं को बेहतर बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण सम्मेलन है। सम्मेलन में एरीज समेत आईआईटी कानपुर, आईआईए, टीआईएफआर, आयुका और जर्मनी के मैक्स प्लैंक संस्थान के विज्ञानी व युवा सौर शोधकर्ता शामिल हुए।

# अवैध हथियारों के साथ दो गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने चैकिंग अभियान के दो दो लोगों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक 12 बोर का देशी तमंचा, एक 12 बोर की बंदूक और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने हथियार जब्त करने के साथ ही कार को सीज कर दिया है। चौकी लामाचौड़ पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। चैकिंग के दौरान एक काले रंग की कार सड़क किनारे खड़ी मिली। कार में सवार व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं तो पुलिस ने कार की तलाशी ली जिसमें एक अवैध देशी तमंचा, एक बंदूक और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अनिल सिंह निवासी निकट आदित्य बैकेंट हाल कुसुमखेड़ा थाना मुखानी जिला नैनीताल और सर्वेश कुमार निवासी गैस गोदाम रोड़ कुसुमखेड़ा थाना मुखानी बताया। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को हिरासत में लेते हुए उनके खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। सफलता पाने वाली टीम में एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, मुखानी थाना प्रभारी विजय मेहता, ललित श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

## News कॉर्नर

### घर से सामान लेने गई किशोरी वापस नहीं लौटी

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने आशंका जताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र फुलसुंगी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह मूल ग्राम केवलपुर थाना पाली, जिला हरदोई यूपी का रहने वाला है। बताया कि 18 अक्टूबर 24 को लगभग 5:30 बजे 15 वर्षीय पुत्री घर से सामान लेने की बात कह कर गई। सामान लेने दक्ष चौराह पर गई। जब वापस नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन की गई। लापता किशोरी के पिता ने पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई।

# बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवाती तूफान, 23 तक आने की आशंका

बंगाल

एजेंसी



बंगाल की खाड़ी के ऊपर 23 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान आने की आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र इस चक्रवाती तूफान की चपेट में आ सकते हैं।

बंगाल की खाड़ी में 23 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान आने की आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र इस चक्रवाती तूफान की चपेट में आ सकते हैं। इस दौरान वहां तेज हवा के साथ भारी बारिश की संभावना जताई गई है। आईएमडी ने एक विशेष बुलेटिन जारी कर कहा है कि अगले 24 घंटों के दौरान अंडमान सागर पर बने एक चक्रवाती उच्च प्रभाव के सोमवार तक कम दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील होने की आशंका है। बुलेटिन के मुताबिक, इस मौसम प्रणाली के पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ने और 22 अक्टूबर की सुबह तक अवदाब में तब्दील होने व 23 अक्टूबर तक पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है। चक्रवाती तूफान बंगाल की खाड़ी में उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए 24 अक्टूबर की सुबह तक ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों से टकरा सकता है।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि मौसम की यह प्रणाली एक गंभीर चक्रवाती तूफान का रूप ले सकती है। उन्होंने एक स्थानीय टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि तटीय क्षेत्र में कुछ स्थानों पर 24-25 अक्टूबर को 20 सेमी बारिश हो सकती है। बारिश की तीव्रता 20 से 30 सेमी तक और कुछ स्थानों पर 30 से अधिक भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि आईएमडी ने भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों और तीव्रता के बारे में कोई पूर्वानुमान नहीं लगाया है। बुलेटिन में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में भी हल्की से मध्यम बारिश होने की आशंका है। आईएमडी ने कहा कि चक्रवाती तूफान के प्रभाव से ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों में 23 से 25 अक्टूबर तक भारी वर्षा हो सकती है।

मछुआरों को 21 अक्टूबर तक तट से लौटने की सलाह दी गई है। ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों पर 23 अक्टूबर की शाम से 50 से 60 किमी प्रति घंटे की गति से तूफानी हवाएं चल सकती हैं। 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह तक ये हवाएं धीरे-धीरे बढ़कर 100-110 किमी प्रति घंटे और 120 किमी प्रति घंटे तक पहुंच जाएगी। आईएमडी ने कहा कि इस अवधि के दौरान समुद्र की स्थिति असामान्य रहने की संभावना है।

# पंचायत चुनाव इस साल नहीं होंगे, नहीं बढ़ेगा कार्यकाल

देहरादून

हमारे संवाददाता




पंचायतों के चुनाव को लेकर सीएम ने 20 अक्तूबर तक रिपोर्ट मांगी थी। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए विभाग की ओर से हरिद्वार को छोड़कर सभी जिलों में ग्राम, क्षेत्र और जिला पंचायतों का परिसीमन किया गया।

प्रदेश में पंचायतों का कार्यकाल अगले महीने 27 नवंबर को खत्म हो रहा है, लेकिन इस साल चुनाव नहीं होंगे, वहीं, पंचायतों का कार्यकाल भी नहीं बढ़ेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव को लेकर शासन से 20 अक्तूबर तक रिपोर्ट मांगी थी। पंचायत निदेशालय की ओर से शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए विभाग की ओर से हरिद्वार को छोड़कर सभी जिलों में ग्राम, क्षेत्र और जिला पंचायतों का परिसीमन किया गया। ग्राम पंचायतों के परिसीमन के बाद ग्राम पंचायतों की संख्या 7,796 से बढ़कर 7,823 हो गई। ग्राम पंचायत वार्ड 59,219 से बढ़कर 59,357 और जिला पंचायत की सीटें 385 से बढ़कर 389 हो गई थी। हालांकि, क्षेत्र पंचायतों की संख्या बढ़ने के बजाए 3,162 से घटकर 3,157 हो गई, लेकिन शहरी विकास विभाग की ओर से कुछ निकायों का विस्तार एवं कुछ ग्राम पंचायतों को नगर पालिका क्षेत्र से बाहर किया गया है। चमोली, चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ क्षेत्रों में नए सिरे से परिसीमन होगा, जिससे इन जिलों में ग्राम, क्षेत्र और जिला पंचायत सीटें घट व बढ़ सकती हैं। पंचायती राज विभाग के संयुक्त निदेशक मनोज तिवारी के मुताबिक, परिसीमन के बाद शहरी निकायों में कुछ गांव शामिल हो गए हैं।

कुछ निकायों से बाहर हुए हैं। मतदाता सूची का भी अगले साल जनवरी तक पुनरीक्षण किया जाना है। पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची तैयार होगी। ऐसे में अगले साल फरवरी-मार्च के बाद ही चुनाव हो पाएंगे। पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने को लेकर भी एक्ट में कोई व्यवस्था नहीं है। पंचायतीराज विभाग के अफसरों के मुताबिक, पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की एक्ट में व्यवस्था नहीं है। एक दिन के लिए भी त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जा सकता, लेकिन यदि सरकार चाहे तो पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकतम छह महीने के लिए प्रशासक बना सकती है। एक्ट में व्यवस्था है कि व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को प्रशासक नियुक्त किया जा सकता है। जिला पंचायतों में डीएम संग जिला पंचायत अध्यक्ष को प्रशासक बनाया जा सकता है। ब्लॉक में एसडीएम के साथ क्षेत्र प्रमुख को एवं ग्राम पंचायतों में एडीओ पंचायत के साथ ग्राम प्रधान को सरकार चाहे तो प्रशासक नियुक्त कर सकती है।

पंचायतों का दो साल का कार्यकाल बढ़ाते हुए 12 जिलों में इस साल के बजाए हरिद्वार जिले के साथ वर्ष 2027 में एक साथ पंचायत चुनाव कराए जाएं। ऐसा कर राज्य में एक राज्य एक पंचायत चुनाव के सिद्धांत को लागू किया जाए। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि राज्य में पहले भी अधिसूचना जारी कर पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाया गया था। देश के अन्य राज्य भी कार्यकाल बढ़ाने के लिए अध्यादेश लाए गए।

# रात गुजारी हवालात में, सुबह को नशा उतरा तो जुर्माना देकर छूटे

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**झूठी सूचना**

● पुलिस को माफी नामा लिख कर भी दिया कभी इस तरह की सूचना नहीं दूंगा

पुलिस को फायरिंग की झूठी सूचना देना एक युवक को महंगा पड़ गया। फायरिंग की सूचना पर आनन फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो मामला फर्जी निकला।

जिस पर पुलिस ने सूचना देने वाले को हिरासत में लिया और रात भर हवालात में बिताने के बाद सुबह नशा उतरा और जुर्माना देकर जान छुड़ाई। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से सतपुरा संभल यूपी हाल आनन्द विहार वार्ड नंबर एक रुद्रपुर निवासी शशांक त्यागी ने शनिवार रात 112 पर पुलिस को सूचना दी कि दक्ष चौक के पास फायरिंग हुयी है। क्षेत्र में फायरिंग की सूचना से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया और आनन फानन में पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की जांच में फायरिंग की सूचना फर्जी निकली। जिस पर पुलिस ने पूछताछ के लिए शंशाक त्यागी को हिरासत में ले लिया। एसआई महेश कांडपाल ने बताया कि आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया गया।



फर्जी सूचना देने के आरोप में आरोपी पर 5 हजार रुपए का जुर्माने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य इस तरह की सूचना देने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि माफी नामा भी लिख दिया। इस तरह की दोबारा गलती नहीं होगी। रात हवालात में बिताई और सुबह को नशा उतरा तो जुर्माना देकर छूटे।

# उद्योगपति मुकेश अंबानी ने किए बदरीनाथ-केदारनाथ धाम के दर्शन भोग के लिए दान दिए पांच करोड़

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



अंबानी परिवार की भगवान बदरीनाथ और केदारनाथ धाम से अपार आस्था है। मुकेश अंबानी सपरिवार प्रत्येक वर्ष बदरीनाथ और केदारनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

मशहूर उद्योगपति मुकेश अंबानी आज उत्तराखंड पहुंचे। सुबह वह अपने प्राइवेट विमान से जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वह हेलीकॉप्टर से बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुए। यहां बीकेटीसी के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने धाम में दर्शन कर पूजा अर्चना की।

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सीईओ विजय थपलियाल ने बताया कि मुकेश अंबानी ने बदरीनाथ धाम में भोग के लिए दो करोड़ 51लाख रुपये की धनराशि का दान दिया। वहीं, इसके बाद वह केदारनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा केदार की पूजा अर्चना कर दो करोड़ 51लाख की धनराशि दान की। दोपहर बाद दर्शन के बाद वह वापस मुंबई के लिए रवाना हुए। बता दें कि अंबानी परिवार की भगवान बदरीनाथ और केदारनाथ धाम से अपार आस्था है। मुकेश अंबानी सपरिवार प्रत्येक वर्ष बदरीनाथ और केदारनाथ धाम दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वहीं, अनंत अंबानी बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। मुकेश अंबानी के परिवार की ओर से बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में सालों से भोग के लिए धनराशि भी दी जाती है।

### नीरज ने यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के छात्र नीरज बिष्ट ने यूजीसी नेट की परीक्षा(इतिहास) उत्तीर्ण की है। बता दें कि नीरज बिष्ट मूल रूप से ग्राम सभा थलाडी विकासखंड ओखलखंडा के निवासी हैं। नीरज भविष्य में उच्च शिक्षा में अपनी सेवाएं देना चाहते हैं। नीरज के पिता होटल कर्मचारी सैफ व माता ग्रहणी हैं। नीरज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया है,साथ ही नीरज ने कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की पीएचडी परीक्षा भी उत्तीर्ण की है।

# शादी की रस्म में दूल्हे के चाचा ने राइफल से की फायरिंग, बस में लगी गोली

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**हड़कंप**

● सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद राइफल जब्त की

कोतवाली क्षेत्र ग्राम बिंदुखेड़ा में शादी की रस्म के दौरान हर्ष फायरिंग कर दी। जिससे गोली पास में ही खड़ी एक स्कूल की बस पर लग गई। इससे मौके पर हड़कंप मच गया।

फायरिंग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से जानकारी ली। साथ फायरिंग करने वाले की दो नाली बंदूक जब्त कर ली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम बिंदुखेड़ा निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र बग्गा से के भतीजे की शादी है। रविवार शाम को शादी की रस्म चल रही थी। इसी बीच दूल्हे के चाचा राजेंद्र सिंह ने दो नाली बंदूक से हर्ष फायरिंग कर दी। बंदूक से चली गोली पास में खड़ी एक निजी स्कूल की बस में जा लगी। हालांकि हर्ष फायरिंग में कोई भी घायल नहीं हुआ। फायरिंग की सूचना किसी ने पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई ललित मोहन रावल, एसआई विकास कुमार मय पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से जानकारी ली।

एसएसआई ललित कुमार रावल ने बताया कि पुलिस ने दो नाली बंदूक कब्जे में ले ली और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस लाइसेंस निरस्त्रीकरण की कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया और 41 का नोटिस देकर छोड़ दिया।

# प्रथम स्व० विमल कुमार मेमोरियल हैंडबॉल टूर्नामेंट का समापन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता




पुलिस लाइन मैदान में आयोजित तीन दिवसीय प्रथम स्व- विमल कुमार मेमोरियल हैंडबॉल टूर्नामेंट 2024 का समापन हो गया। फाइनल मैच आर्मी 11 और रुद्रपुर स्टेडियम के बीच खेला गया। जिसमें आर्मी 11 विजय रही।

समापन के मौके पर मुख्य अतिथि एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसडीएम मनीष बिष्ट, सीओ संचार आरडी मठपाल,जय हिंद ऑटो टेक के एमडी- तेजराम बघेल,युवा कल्याण अधिकारी डीएस रावत ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस दौरान एसपी सिटी ने कहा कि खेल खेलना स्वास्थ्य के लिए लाभ दायक है। इस मौके पर आरआई निरीक्षक मनीष शर्मा,पीसी श्याम पाल,सीसी गिरिश जोशी, सीसी योगेंद्र देव एसआई सुनील पाठक सब इंस्पेक्टर मदन मोहन जोशी ने विजेता टीम आर्मी 11को आकर्षक ट्रॉफी और 11000 नगद देकर सम्मानित किया। उपविजेता रुद्रपुर स्टेडियम को आकर्षक ट्रॉफी और 7100 नगद तथा तृतीय स्थान पर रही नैनीताल की टीम को ट्रॉफी और 2100 रूपये का पुरस्कार दिया गया। आर्मी 11 के कृष्ण को बेस्ट प्लेयर के रूप में आकर्षक ट्रॉफी और 1000 रूपये तथा रुद्रपुर स्टेडियम के दिलीप माली बेस्ट कीपर के रूप में आकर्षक ट्रॉफी और 1000 रूपये ईनाम दिया गया।

**खेलकूद**

● फाइनल में रुद्रपुर स्टेडियम और आर्मी 11 में हुए मुकाबले में आर्मी 11 विजयी घोषित